FORM NO. III
फर्दअहकाम
(नियम– 26)

अज अदालत ....सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी), ...सिवाना ....

प्रार्थी बनाम	विप्रार्थीगण
1. रणछोड़राम दत्तकपुत्र सवाराम जाति कलबी निवासी ठाकरखेड़ा तहसील समदडी	1. ताम्बाराम पुत्र प्रभुराम जाति कलबी निवासी ठाकरखेड़ा तहसील समदड़ी 2 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार समदडी

किस्म मुकदमा......धारा 131,136 RLR Act. मु0नं0....108/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्सजज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.08.2023	प्रार्थी ने तहसीलदार समदड़ी के समक्ष इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि खसरा संख्या 1376/681 रकबा 5.5280 हैक्टेयर एवं विप्रार्थी संख्या 1 की खातेदारी भूमि खसरा संख्या 1377/681 रकबा 03.1323 हैक्टयेर ग्राम ठाकरखेड़ा तहसील समदड़ी में अवस्थित है। दोनों पक्ष इसी अनुसार अपने–अपने हक की भूमि पर काबिज होकर काश्त करते आ रहे हैं और इसी अनुसार लट्ठा नक्शा में तरमीम दर्ज थी, किन्तु आनलाईन तरमीम शीट में की गई तरमीम में खसरा संख्या 1377/681 का रकबा 04.4323 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 1376/681 का रकबा 04.2280 हैक्टेयर दरसा दिया। इसी प्रकार तरमीम शीट में अशुद्ध तरमीम दर्ज हो गयी। अतः प्रार्थी ने माफिक हक हिस्सा एवं कब्जाकाश्त तरमीम दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किया। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार समदड़ी ने जरिये पत्र कमांक–भूअ/2023/1309 दिनांक 14.08.2023 तथ्यात्मक रिपोर्ट मय कब्जानुसार नक्शा परिशिष्ट 'ब' प्रेषित की। रिपोर्ट के अनुसार राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी के कब्जा काश्त की भूमि खसरा संख्या 1376/681 रकबा 05.5280 हैक्टेयर एवं विप्रार्थी संख्या 1 के कब्जा काश्त की भूमि खसरा संख्या 1377/681 रकबा 03.1323 हैक्टेयर है, और लट्ठा नक्शा में भी इसी अनुसार तरमीम विद्यमान है, किन्तु तरमीम शीट में संलग्न नक्शा परिशिष्ट 'अ' अनुसार अशुद्ध तरमीम दर्ज हो गयी। रिपोर्ट में तहसीलदार समदड़ी के संलग्न नक्शा परिशिष्ट 'ब' अनुसार तरमीम शीट में तरमीम दुरूस्त किया जाना उचित बताया है। हमने पत्रावली का अवलोकन कि[illegible] राजस्व रिकार्ड, लट्ठा नक्शा एवं मौका स्थिति [illegible] है और दोनों पक्ष तरमीम शी[illegible] दुरूस्त किये जाने हेतु सहमत है। ऐसी सूरत में विवादित भू[illegible] की तरमीम शीट में तरमीम दुरूस्त किये जाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है। लिहाजा प्रार्थी का प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम ठाकरखेड़ा तहसील समदड़ी की खसरा संख्या 1377/681 रकबा	

उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बाडमेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Bishnoi
Date: 2023.09.08 15:27:20 IST
Reason: SelfAttested

03.1323 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 1376/681 रकबा 05.5280 हैक्टेयर भूमि की तरमीम शीट में विद्यमान निरस्त करार देते हुए मौका रिपोर्ट के संलग्न नक्शा परिशिष्ट 'ब' अनुसार दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार समदड़ी को तदनुसार दुरूस्ती सुनिश्चित किये जाने हेतु आदेशित किया जाता है। मौका रिपोर्ट के संलग्न तहसीलदार समदडी द्वारा प्रेषित नक्शा परिशिष्ट 'ब' इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

आदेश सरे इजलास सुनाया गया।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(दिनेश विश्नोई)
उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सिवाना
सिवाना (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Dinesh Bishnoi
Date: 2023.09.08 15:27:20 IST
Reason: SelfAttested

परिशिष्ट "ब"

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 26/07/2023 12:46:15 PM

जिला : बाड़मेर   तहसील : समदड़ी   भू. अ. नि. क्षेत्र : मजल

पटवारी हल्का : मजल   ग्राम : ठाकरखेड़ा



Scale 1:5000

खसरा संख्या :1376/681 क्षेत्रफल : 5.5280 Hectare खाता संख्या : 316पुराना खाता संख्या :268

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान]: चा.दोयम [5.5280]

1.) रणछोड़राम दत्तक पुत्र सवाराम हिस्सा- पूर्ण जाति- कलबी सा. देह खातेदार

Ex-court

उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बाड़मेर)

तहसीलदार (भू-अ.) समदड़ी

अनिल कुमार गुर्जर

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर मय सील

पटवारी (भू अ)

पटवार मण्डल मजल

तहसील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है, इसका न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता ...

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा स... संपर्क करें। ULPIN no : null

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसी...

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Bishnoi
Date: 2023.09.08 15:27:20 IST
Reason: SelfAttested